**Regarding construction of Panchdeori-Bhatni Railway Line Project-Laid**

डॉ**.** आलोक कुमार सुमन **(**गोपालगंज**) :** नार्थ ईस्टर्न रेलवे जोन के हथुआ-भटनी रेलवे लाइन प्रोजेक्ट जो कि 79.64 किलोमीटर का है उसकी ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ । इस हथुआ-भटनी रेलवे लाइन को बनाने के लिए वर्ष 2019 तक 277.13 करोड़ की राशि खर्च हो चुकी है । हथुआ-पंचदेवरी सेक्शन यानि 31 किलोमीटर तक काम पूरा कर लिया गया है लेकिन पंचदेवरी-भटनी सेक्शन जो कि 48.64 किलोमीटर का है, इस सेक्शन का काम रुका पड़ा है जबकि इस सेक्शन के लिए रेलवे ने Land Acquisition का काम पूरा कर लिया है । Land Acquisition हो जाने के बाद भी एवं सारी Clearance मिलने के बाद भी रेलवे ने पंचदेवरी से भटनी तक की रेलवे लाइन का काम शुरू नहीं किया है । इससे रेलवे को रेवेन्यू की क्षति हो रही है । रेलवे लाइन के अभाव में परिवहन एवं व्यापार में बाधा आ रही है । मैं रेलमंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि बाकी पड़े पंचदेवरी से भटनी तक यानि 48.14 किलोमीटर का लंबित रेलवे लाइन के कार्य के लिए आवश्यक धनराशि और प्रशासनिक स्वीकृति देकर यथाशीघ्र शुरु किया जाए ताकि रेलवे को रेवेन्यू की प्राप्ति हो साथ ही मेरे संसदीय क्षेत्र गोपालगंज के 32 लाख लोगों की पहुँच बाज़ार तक हो सके ।